# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–12.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- पहले चरण में 15 जिलों के 43 विधानसभा क्षेत्रों में कल डाले जायेंगे वोट, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कई मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर।
- कल सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा मतदान, 31 विधानसभा क्षेत्रों के 950 अति संवेदनशील बूथों पर 4 बजे तक ही डाले जायेंगे वोट।
- पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों पर भेजने का सिलसिला जारी, 31 बूथों पर आज भी हेलीकॉप्टर से भेजे जायेंगे मतदानकर्मी।
- 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार हुआ तेज, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की आज होंगी सभाएं, इंडी गठबंधन के भी कई नेता करेंगे चुनावी रैली।
- एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने मलेशिया को 4–0 से हराया, झारखंड की संगीता का दमदार प्रदर्शन।

*****************

राज्य के 15 जिलों के 43 विधानसभा क्षेत्रों में कल वोट डाले जायेंगे। इसकी सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस चरण में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, डा. रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ, बैद्यनाथ राम समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। पहले चरण में कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

*****************

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जायेंगे। उन्होंने कहा कि 31 विधानसभा क्षेत्रों के 950 अति संवेदनशील बूथों पर शाम चार बजे तक ही मतदान होगा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वोटर आइडी कार्ड नहीं रहने पर 12 तरह के अन्य वैकल्पिक दस्तावेज को मान्यता प्रदान की गयी है। मतदाता इनमें से कोई एक दस्तावेज दिखाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

*****************

पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों पर भेजने का सिलसिला जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पांच जिलों के 225 में 194 मतदान केन्द्रों पर हैलीकाप्टर के माध्यम से मतदान कर्मियों को पहुंचा दिया गया है। बाकी बचे 31 बूथों पर मतदानकर्मियों को हेलीड्रापिंग के माध्यम से आज रवाना किया जायेगा। श्री कुमार ने कहा कि मतदान के दौरान पारदर्शिता बनाये रखने के लिए सभी मतदान केन्द्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जायेगी।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी चतरा जिले की, जहां पहले चरण में कल मतदान होना है।

*****************

पहले चरण का चुनाव प्रचार थमने के बाद अब 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की धनबाद और बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा होगी। उनके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आज बगोदर और देवरी में चुनावी रैली करेंगे। इंडी गठबंधन के भी कई नेता आज विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
*****************

राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये हैं। भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भाजपा लोगों के दिलों में बसती है और लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की बनेगी।
इधर एनडीए के घटक दल जदयू ने भी दावा किया है कि एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनायेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार ने कहा कि हेमंत सरकार की नाकामी का एनडीए को लाभ मिलेगा।
*****************

उधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दावा है कि राज्य में माहौल इंडिया गठबंधन के पक्ष में है और यह गठबंधन सत्ता में वापसी करेगा।
इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक राजद को भी भरोसा है कि राज्य में एक बार फिर झामुमो–कांग्रेस– राजद की सरकार बनेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यों से लोग बेहद खुश हैं।
*****************

एशियन महिला हॉकी चैम्पियंस ट्राफी के पहले दिन भारत ने शानदार शुरुआत करते हुए मलेशिया को 4–0 से हरा दिया। भारतीय टीम ने शुरु से ही मैच पर अपनी पकड़ बनाये रखी। भारत के लिए झारखंड की संगीता कुमारी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। इस जीत के साथ ही भारत अंक तालिका में चीन के बाद दूसरे नंबर पर है।
*****************

अखबारों की सुर्खियां
रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार अभियान समाप्त होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– 43 सीटों पर प्रचार थमा, मतदान कल, मतदानकर्मियों ने बूथों के लिए भरी उड़ान।
हिन्दुस्तान के शब्द हैं– प्रचार थमा, दिग्गजों ने लगाया जोर।
प्रभात खबर की सुर्खी है– झामुमो ने घोषणा पत्र को अधिकार पत्र का नाम दिया, नौकरी में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का वादा।
दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण खत्म करना चाहती है कांग्रेस।
****************